पुलिस लाइन श्रावस्ती में दंगा निरोधक उपकरणों का एसपी ने कराया पूर्वाभ्यास

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा पुलिस लाइन, परेड मैदान में दंगा निरोधक उपकरणों और शस्त्रों का पूर्वाभ्यास संपन्न कराया। यह पूर्वाभ्यास दीपावली और धनतेरस जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।इस पूर्वाभ्यास में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों और अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान दंगा एवं बलवा जैसी संभावित स्थितियों में पुलिस द्वारा किए जाने वाले आवश्यक कदमों को प्रदर्शित किया गया। पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण शस्त्रों और उपकरणों के प्रभावी उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया ताकि वे किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पूर्वाभ्यास के दौरान पाई गई कमियों पर ध्यान देते हुए पुलिस कर्मियों को सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार ने इस अवसर पर पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों और शस्त्रों के सही उपयोग के संबंध में जानकारी दी। साथ ही क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह और प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार,मु0आ0 आर्मोरर भी इस पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित रहे। इस पूर्वाभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को प्रभावी रूप से तैयार करना है, ताकि नागरिकों को एक सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहारों का आनंद लेने का अवसर प्राप्त हो।

मनचलों पर भारी, जागरुक सशक्त नारी-मिशन शक्ति" अभियान

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाया विशेष अभियान

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु संचालित "मिशन शक्ति" अभियान के पाँचवे चरण के तहत, महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना और समाज में जागरूकता लाना है।

इसी क्रम में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत निम्न स्थानों पर जागरूकता चौपाल लगाकर महिलाओं/बच्चों तथा आम जन को जागरूक किया गया जिसके क्रम में थाना सोनवा के मिशन शक्ति टीम के अधिकारी उपनिरीक्षक सुश्री शिल्पी म0आ0 शशि व म0आ0 प्रिया, द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरवारा, म0आ0 निश्चल गौरव द्वारा चौगाई मे, थाना गिलौला की म0आ0 नन्ही वर्मा व महिला आरक्षी जूली द्वारा ग्राम पंचदेवरी माफी, थाना कोतवाली भिनगा के कस्बा भींगा मे महिला बीट पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक नमिता सिंह, म0 आ0 सुशीला, म0 आ0 मधु के द्वारा ग्राम बनकटवा, म0आ0 सीमा के द्वारा ग्राम चहेलवा मे महिलाओं/बालिकाओं को उनके सम्मान, अधिकार से अवगत कराते हुए एवं स्वालंबन मिशन शक्ति के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत बाल विवाह, लैंगिक समानता के बारे में एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो के बारे मे तथा साइबर अपराध की रोकथाम के बारे जानकारी दी गयी।मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के भावना को समाज में प्रोत्साहित करना है। महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए आवश्यक सहायता और जागरूकता प्रदान करना उत्तर प्रदेश पुलिस का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है।महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में समाज के हर सदस्य की भागीदारी आवश्यक है। मिशन शक्ति-5 के माध्यम से हम महिलाओं के प्रति सुरक्षित वातावरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर हैं। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि इस अभियान में अपनी भूमिका निभाएं और समाज में सुरक्षा, सम्मान और समानता के मूल्यों को बढ़ावा दें।